अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर

'सुशासन हेतु तकनीक एवं नवाचार के प्रयोग' पर भाषण प्रतियोगिता

वर्धा दिनांक 25 दिसंबर, 2014 मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्गत निर्देश के अनुपालन में महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय ने पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी तथा काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक श्री मदन मोहन मालवीय के जन्म दिवस 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया। इसके अंतर्गत 24 दिसंबर को कर्मी, शिक्षक एवं विद्यार्थियों के बीच 'सुशासन हेतु तकनीक एवं नवाचार के प्रयोग' पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार सहायक कुलसचिव डॉ. राजेश्वर सिंह और छात्र अभिषेक त्रिपाठी को, द्वितीय पुरस्कार गिरीश पांडेय और अंजनी कुमार राय को तथा तृतीय पुरस्कार छात्रा आरती कुमारी और प्रकाशचंद्र उपरेती को प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र और आवासीय लेखक प्रो. वागीश शुक्ल द्वारा प्रदान किया गया।

प्रतियोगिता में परीक्षक का कार्य प्रो. वागीश शुक्ल, आवासीय लेखक अरुनेश नीरन एवं नाट्यकला व फिल्म अध्ययन विभाग के अध्यक्ष प्रो. सुरेश शर्मा ने किया।

कार्यक्रम का संयोजन डिबेटिंग सोसायटी की संयोजक अवंतिका शुक्ल ने किया। इस अवसर पर प्रतिकुलपति ने प्रो. चित्तरंजन मिश्र ने भारत सरकार द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपेयी और मदन मोहन मालवीय को भारत रत्न पुरस्कार घोषित किये जाने पर बधाई दी। समारोह में आवासीय लेखक मदन सोनी, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

अटल बिहारी वाजपेयी यांच्या जन्म दिनानिमित्ताने

'सुशासनात तंत्रज्ञान व नवाचार यांचा प्रयोग' विषयावर भाषण स्पर्धा

वर्धा दिनांक 25 डिसेंबर, 2014 मनुष्यबळ विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्गत निर्देशानुसार महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विद्यापीठात माजी पंतप्रधान श्री अटल बिहारी वाजपेयी तथा काशी हिंदू विद्यापीठाचे संस्थापक मदन मोहन मालवीय यांचा जन्म दिवस 25 डिसेंबर सुशासन दिवस म्हणून साजरा करण्यात आला. त्या अंतर्गत 24 डिसेंबर रोजी कर्मचारी, शिक्षक आणि विद्यार्थ्यांमध्ये 'सुशासनात तंत्रज्ञान व नवाचार यांचा प्रयोग' या विषयावर भाषण स्पर्धा आयोजित करण्यात आली. स्पर्धेचा प्रथम पुरस्कार सहायक कुलसचिव डॉ. राजेश्वर सिंह आणि विद्यार्थी अभिषेक त्रिपाठी यांना, द्वितीय पुरस्कार गिरीश पांडेय आणि अंजनी कुमार राय यांचा तर तृतीय पुरस्कार आरती कुमारी आणि प्रकाशचंद्र उपरेती या विद्यार्थ्यांना विभागून देण्यात आला. प्रकुलगुरु प्रो. चित्तरंजन मिश्र आणि आवासीय लेखक प्रो. वागीश शुक्ल यांच्या द्वारे रोख पुरस्कार आणि प्रमाणपत्र प्रदान करण्यात आले. स्पर्धेचे परीक्षक म्हणून प्रो. वागीश शुक्ल, आवासीय लेखक अरुनेश नीरन आणि नाट्यकला व फिल्म अध्ययन विभागाचे अध्यक्ष प्रो. सुरेश शर्मा यांनी काम पाहिले. कार्यक्रमाचे संयोजन डिबेटिंग सोसायटीच्या संयोजक अवंतिका शुक्ल यांनी केले. यावेळी प्रो. चित्तरंजन मिश्र

यांनी भारत सरकार द्वारा माजी पंतप्रधान श्री अटल बिहारी वाजपेयी आणि श्री मदन मोहन मालवीय यांना भारत रत्न पुरस्कार जाहीर करण्यात आल्याबद्दल शुभकामना व्यक्त केल्या.